बरेली, सोमवार
9 मार्च, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+20

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 5 : MIDDLE

SRMS रिद्धिमा में "तीन थे भाई" नाटक का हुआ भावपूर्ण मंचन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 March): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम नाटक 'तीन थे भाई' का मंचन किया गया. ब्लैक पर्ल आर्ट नई दिल्ली की ओर से प्रस्तुत और अमूल सागर नाथ निर्देशित इस नाटक का नाट्य रूपांतरण अमूल सागर नाथ ने किया. नाटक तीन भाइयों (बड़का, मझला और छुटका) के बारे में है. यह तीनों मुरैना जिले की एक प्रसिद्ध रामलीला में अभिनय करते हैं और फिल्मों में काम कर सफल हीरो बनना चाहते हैं. उनका नाटक देखने पहुंची मुंबई की एक कास्टिंग एजेंट मंच पर आकर तीनों भाइयों की एक्टिंग की तारीफ करती है और उन्हें मुंबई आकर हीरो बनने का न्योता देती है. गुरु जी के मना करने के बाद भी तीनों भाई मुंबई जाने का फैसला कर लेते हैं. रात में तीनों भाई बाऊजी को इसकी जानकारी देते हैं, लेकिन बाऊजी उनके एक्टर बनने के सपने का मजाक उड़ाते हैं. भाई बॉलीवुड के अलग-अलग अभिनेताओं के अंदाज

में डायलॉग बोलकर बाऊजी को मनाने की कोशिश करते हैं. अंत में, मझला भाई बाऊजी से एक साल में कुछ न बनने पाने पर वापस आकर खेती करने का वादा करता है. तीनों भाई बारी-बारी से रज्जो नाम की लड़की से मिलते हैं, जो उन्हें छोड़कर मुंबई जाने पर नाराज होती है. तीनों उससे न भूलने का वायदा करते हैं. मुंबई जाने के लिए स्टेशन पहुंचने पर तीनों को रामलीला के गुरुजी भी मिलते हैं और वह भी उनके साथ जाने की जानकारी देते हैं. ट्रेन में बैठकर तीनों भाई अंबानी के बंगले पर नाश्ता, अमिताभ बच्चन के गुसलखाने में नहाना और माधुरी दीक्षित के घर डिनर जैसे सपने देखते हैं.